कॉर्पोरेट फुटबॉल लीग की विजेता बनी पीपीटीएस टीम

गुड़गांव. सीएफएल फुटबाल लीग में विजेता रही टीम।

भास्कर न्यूज | गुड़गांव

कॉर्पोरेट फुटबॉल लीग दो की विजेता सोमवार को पीपीटीएस की टीम बन गई है। प्रतियोगिता में 20 टीमों को हराकर खिताब जीता है, जिसके बाद विजयी टीम को दिए गए 61 हजार रुपए के नगद पुरस्कार दिए गए हैं। सेक्टर-58 स्थित मेड ईजी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय कॉर्पोरेट फुटबॉल लीग-2 का समापन हो गया है। प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला सोमवार को खेला गया, जिसमें देशभर की 20 कंपनियों की टीमों ने हिस्सा लिया। खिताबी मुकाबला पीपीटीएस और इंडिया बुल्स के बीच हुआ, जिसमें पीपीटीएस ने 2-0 विरोधी टीम को परास्त किया। इसके बाद विजयी टीम को मेड इजी ग्रुप के निदेशक बी सिंह ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में ट्रॉफी के साथ 61 हजार रुपए के नगद पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर बी सिंह ने कहा कि कॉर्पोरेट कल्चर में शारीरिक श्रम और खेल के प्रति रुझान काफी कम हो जाता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं के जरिए खेल-खेल में खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। इसके अलावा बचपन से मौजूद खेल की महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। प्रतियोगिता के आयोजक संजय सिंघानिया ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कॉरपोरेट कर्मचारियों को खेल के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि जल्द ही बड़े स्तर पर कॉर्पोरेट फुटबॉल लीग के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा।

ये टीमें हुई शामिल

पीडब्ल्यूसी, इंडियाबुल्स, एसएफ सोनिक, सैमसंग, एफआईएस, पैना सोनिक, गोदरेज प्रॉपर्टीज, बैंक ऑफ अमेरिका, कार्थरॉकेट, मेड इजी, चील, माइल्स मैजिक, पीएनबी मेटलाइफ, फैब एक्सपो, आईसीआईसीआई बैंक, ओलम्पस, पीपीटीएस, डॉयचे बैंक, वेल्यू फर्स्ट और एचसीएल।